Dainik Bhaskar, 26/03/2025, Wednesday

**बिट्स में सम्मेलन** विशेषज्ञों ने अल्जाइमर रोग व पार्किंसंस रोग के निदान पर चर्चा की

# बिट्स में न्यूरोलॉजिकल विकारों पर हुआ सम्मेलन

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

बिट्स पिलानी में फार्मेसी विभाग की ओर से न्यूरोलॉजिकल विकारों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने अल्जाइमर रोग, पार्किंसंस रोग, मल्टीपल स्क्लेरोसिस और एएलएस जैसे तंत्रिका संबंधी विकारों के कारणों और निदान व उपचार में नवीनतम प्रगति पर चर्चा की।

उद्घाटन सत्र में मनोनीत निदेशक प्रो. सुधीर कुमार बर्ई ने न्यूरोलॉजिकल शोध और उपचार में दबावपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने में न्यूरो-फार्माकोलॉजी के महत्व को रेखांकित किया। विभागाध्यक्ष और संयोजक प्रो. राजीव तालियान ने



पिलानी. कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर व अन्य।

पिछले 75 वर्षों में विभाग की उपलब्धियों के बारे में बताया। सीडीएससीओ दिल्ली में संयुक्त ड्रग्स कंट्रोलर डॉ. चंद्रशेखर रंगा मुख्य अतिथि थे। डीएसटी दिल्ली में वैज्ञानिक-एफ तथा राष्ट्रीय जीएलपी कम्प्लाइंस मॉनिटरिंग ऑथोरिटी डॉ. एकता कपूर, सीएसआईआर आईएमटेक चंडीगढ़ के प्रो. दीपक कुमार शर्मा, नेशनल ब्रेन रिसर्च सेंटर मानेसर गुड़गांव के डॉ. पंकज सेठ, न्यूरोसाइंस प्रोग्राम कॉलेज ऑफ लिबरल आर्ट्स टेंपल यूनिवर्सिटी, फिलाडेल्फिया (यूएसए) से डॉ. विनय पारिख, ताइपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी ताइवान से डॉ. चिह-हाओ यांग, बिट्स हैदराबाद कैंपस में फार्मेसी विभाग से डॉ. ओंकार प्रकाश कुलकर्णी, पंजाब यूनिवर्सिटी पंजाब से डॉ. अनिल कुमार सहित देशभर के विभिन्न संस्थाओं से करीब 100 प्रतिनिधि शामिल हुए। बिट्स पिलानी में प्रशासनिक विभाग डीन प्रो. एनवीएम राव, रजिस्ट्रार रिटा. कर्नल एस. चक्रवर्ती भी मौजूद रहे। इस दौरान शीर्ष तीन पोस्टर प्रस्तुतियों को पुरस्कृत किया गया। प्रो. राजीव तालियान, प्रो. अनिल गायकवाड़, प्रो. प्रज्ञानशु खरे और छात्र स्वयंसेवकों ने संचालन किया। यह कार्यक्रम को बिट्स पिलानी के बिट्स टेक्नोलॉजी इनेबलिंग सेंटर द्वारा समर्थित था।